# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रदेश में अनुदेशकों को पांच लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवर देगी सरकार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में बेसिक शिक्षा का हुआ कायाकल्प।
2. मुख्यमंत्री गोरखपुर के सहजनवा में आयोजित भाजपा जिला प्रशिक्षण में हुए शामिल : कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने के लिए किया प्रेरित।
3. प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत : फतेहपुर में नदी में डूबने से 4 युवकों ने गंवाई जान।

और

4. प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी : मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोत्तरी का जताया अनुमान।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर नींव ही मजबूत नहीं होगी तो मजबूत इमारत नहीं बन सकती इसलिए सरकार का मानना है कि अनुदेशक, शिक्षामित्रों और बेसिक शिक्षकों के मानदेय से जुड़े मामलों को सम्मानजनक तरीके से हल किया जाना चाहिए। श्री योगी ने ये बात आज लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 24 हजार 717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित अनुदेशक सम्मान समारोह और चेक वितरण कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानदेय बढ़ाने के साथ ही राज्य सरकार अनुदेशकों को 5 लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवर का लाभ देने जा रही है। श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों और सकारात्मक कदम से बेसिक शिक्षा में कायाकल्प हुआ है। सरकार की मंशा है जब हर बच्चा शिक्षा हासिल करे ताकि विकसित भारत का संकल्प पूरा हो सके। बाइट...

*जब साफ नियत से कोई सरकार कार्य करती है, स्पष्ट नीति हो तो पहना माने में देर नहीं लगती। प्रदेश के अंदर जो ड्रॉप आउट रेट था लगभग 17–18 के आसपास था और आज हम इसको घटाते–घटाते तीन तक पहुंचाने में सफल हुए हैं और हमारा मानना है इसको जीरो तक पहुंचाना। हर बच्चा पढ़ेगा तब विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार हम कर पाएंगे।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश का ऐसा राजनीतिक दल है जो देश को सुरक्षा, संस्कृति, सुशासन और समृद्धि को जोड़ने का काम कर रही है। वह आज गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण–2026 के क्रम में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। 'भाजपा का इतिहास और विकास' विषय पर केंद्रित इस सत्र में श्री योगी ने कहा कि स्थापना के 50 वर्ष से भी कम समय में भाजपा ने दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में केंद्र और देश के 22 राज्यों में राष्ट्रवाद की विचारधारा को लागू करने के अभियान को आगे बढ़ाया है। श्री योगी ने कहा कि केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने राष्ट्र प्रथम की भावना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की संकल्पना के अनुरूप अपने कार्यक्रमों को तैयार किया है जिससे देश के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

बाइट...

*भारतीय जनता पार्टी ने देश के अंदर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के उन सपनों को भी साकार किया है जिन्होंने अंतोदय की बात अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ मिलना चाहिए। देश के अंदर 4 करोड़ गरीबों को एक–एक आवास मिल जाना, 50 करोड़ गरीबों को ₹5 लाख की आयुष्मान भारत की सुविधा मिल जाना, 10 करोड़ किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ हो। यह समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को समृद्धि के शिखर तक पहुंचाने के अभियान का क्रम है।*

श्री योगी ने पार्टी कायकर्ताओं से देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, सांसद रविकिशन शुक्ल, पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

———————

प्रदेश में जारी डिजिटल जनगणना के पहले चरण के तहत स्वगणना प्रक्रिया सात मई से जारी है। इक्कीस मई तक चलने वाली इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी स्वगणना का डिजिटल प्रपत्र भरा। इस अवसर पर श्री योगी ने प्रदेशवासियों से स्वगणना प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया है।

———————

उधर, मकानों की गिनती का पहला चरण पांच राज्यों राजस्थान, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में शुरू हो गया है। जहां मकानों की सूची तैयार की जा रही है। एक रिपोर्ट–

*घर–घर जाकर सूची तैयार करने का काम आन्ध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ, छत्तीसगढ, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, हरियाणा, मध्यप्रदेश, पंजाब, तेलंगाना और उत्तराखंड में भी चल रहा है। सूची तैयार करने के लिए घर के सामानों, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है। स्व–गणना सुविधा आज से गुजरात, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और पुद्दुचेरी में भी शुरू की गई है। यह सुविधा 31 मई तक उपलब्ध रहेगी। स्व–गणना सुविधा उत्तर प्रदेश में भी जारी है जो 21 मई तक उपलब्ध रहेगी। अब तक 25 राज्यों में एक करोड 44 लाख से अधिक घरों के निवासी*

*स्व–गणना प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से फरहत नाज।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

—————————

**केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और प्रदेश के राज्यमंत्री संजय गंगवार ने आज पीलीभीत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किये। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री प्रसाद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कामों मे हमेशा पारदर्शिता रही है और सरकार ने जो कहा उसे करके दिखाया है। श्री गंगवार ने कहा कि जनपद में एक हजार 985 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को मोबाइल दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बाइट....**

*मोदी योगी सरकार बड़े–बड़े भाषण घोषणाओं में यकीन नहीं करती और जो घोषणा करती भी है वह धरातल पर जमीन पर गांव पर लोगों तक पहुंचाने का काम करती है और उन योजनाओं को खास तौर से स्वास्थ्य की सेवाओं को धरातल पर पहुंचाने पर आप लोगों की एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।*

———————————

गाज़ियाबाद स्थित एनटीएच की उत्तरी क्षेत्र इकाई में अत्याधुनिक जूता परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि इस प्रयोगशाला से एमएसएमई, निर्माता, निर्यातक, उपभोक्ता और नियामक संस्थाओं को भरोसेमंद और अच्छी क्वालिटी वाली फुटवियर परीक्षण सेवाएं मिल सकेंगी।

———————————

मथुरा सहित समूचे ब्रजमण्डल में एक माह तक चलने वाला पुरूषोत्तम मास मेला आज से शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गोवर्धन और वृंदावन समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। एक रिपोर्ट....

*मथुरा समेत समूचे ब्रजमण्डल में आज से एक माह तक चलने वाला 'अधिमास' मेला शुरू हो गया है। चहुंओर चौरासी कोस परिक्रमा का उत्साह और राधे–राधे की गूंज सुनाई दे रही है। आस्था और भक्ति में डूबे लाखों श्रद्धालु मथुरा, वृन्दावन, गोकुल, बरसाना, नंदगाँव और गोवर्धन में 84 कोसी परिक्रमा कर रहे है। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया है कि भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए परिक्रमा मार्ग, गोवर्धन, द्वारकाधीश और श्रीकृष्ण जन्मस्थली समेत प्रमुख मंदिरों को सुपर जोन और सेक्टरों में बांट कर भारी पुलिस बलों की तैनाती की गई है और पूरे क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

———————————

प्रदेश में आज हुए अलग–अलग हादसों में 11 लोगों की मौत और पांच अन्य घायल हो गये हैं। फतेहपुर जिले

में रिन्द नदी में नहाने गये 4 युवकों को डूबने से मौत हो गई, जबकि अन्य दो को गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। वहीं हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र के छिरका गांव के पास हाइवे पर खड़े ट्रक और कार की टक्कर में हुई दुर्घटना में 4 लोंगों की मौके पर मौत हो गयी और एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। ये सभी बागेश्वर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे। उधर, शाहजहांपुर जिले के कांट इलाके में सुबह डंपर और आटो की टक्कर में दम्पति सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गये।

—————————

प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी जारी रहने और कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, उन्नाव और वाराणसी में कल भी लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश में मानसून के 18 जून को दस्तक देने की संभावना जताई है। इस साल मानसूनी सीजन में सामान्य से कम वर्षा होने का भी पूरा अनुमान है।

—————————